# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन प्रोसेस फॉर प्रिंटिंग ऑफ डिजिटली प्रिपेयर्ड मार्कशीट एवं डिग्री


विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लिया गया है कि, परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत डिजिटल मार्कशीट / डिग्री, ऑन लाईन प्रदान की जावेगी। इसके लिए स्टूडेंट को अपना रजिस्ट्रेशन विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bubhopal.ac.in पर दी गई (online services) सेवाओ मे से रजिस्ट्रेशन एंड प्रिंटिंग ऑफ डिजिटल मार्कशीट / डिग्री पर क्लिक कर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

रजिस्ट्रेशन करने के बाद ही स्टूडेंट्स जिनका फ़ाईनल ईयर / सेमेस्टर परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष "2023" है, वे स्टूडेंट्स "डिग्री" को "सर्च" कर प्रिंट कर पाएंगे एवं वह छात्र जिन्होंने परीक्षा वर्ष 2024 में उत्तीर्ण की है, वह छात्र अपनी "मार्कशीट" एवं "डिग्री" को "सर्च" कर प्रिंट कर पाएंगे।

**रजिस्ट्रेशन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किसी तरह का कोई सेवा शुल्क नहीं लिया जा रहा है |**


- वह छात्र जिनका फ़ाईनल ईयर/सेमेस्टर परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष "2023" है, वे छात्र केवल "डिग्री" को "सर्च" कर प्रिंट कर पाएंगे।
- वह छात्र जिन्होंने परीक्षा वर्ष 2024 में उत्तीर्ण की है वह छात्र अपनी "मार्कशीट " एवं "डिग्री" को "सर्च" कर प्रिंट कर पाएंगे। ।


स्टूडेंट लिंक मे दिये गए "रजिस्ट्रेशन फॉर्म" पर चाही गई जानकारी (Student Name, Enrollment No., Email address, Mobile No.) को सही-सही भरने के पश्चात "Generate OTP" दबाये जिससे दिये गए मोबाईल और ईमेल पर एक 6 नंबर का OTP आएगा । इस OTP को रजिस्ट्रेशन फॉर्म पर डाल कर वेरिफाय कर सबमिट करे, उसके बाद आपको एक लॉगिन आई डी एवं पासवर्ड, SMS और ईमेल के माध्यम से मिलेगा जो आप लॉगिन करते वक्त उपयोग मे लाएँगे।




मार्कशीट/डिग्री प्रिंटिंग के लिए लॉगिन करने के बाद आप नीचे लिखे अनुसार कार्य  करेंगे :-


- परीक्षा सत्र एवं परीक्षा का चुनाव करें |
- चुनी हुई परीक्षा के अनुसार आपको " प्रिंट मार्कशीट" / " प्रिंट डिग्री" करने के बटन दिखेंगे |
- बटन दबाते ही अगली स्क्रीन पर, जिस रोल नंबर के लिए आपने लॉगिन किया है उस  रोल नंबर की मार्कशीट/डिग्री  स्क्रीन पर दिखाई देगी ।
- यंहा यह ध्यान रखने वाली बात है कि आप जिस यूजर आई डी से लॉगिन करेंगे उस एनरोलमेंट नंबर से संबन्धित रिकॉर्ड ही डिस्प्ले होगा।






- मार्कशीट/ डिग्री को आप PDF फॉर्म मे सॉफ्ट कॉपी के रूप मे सेव करके भी रख सकते है, और इसका कलर प्रिंट आऊट 300 dpi मे A4 साइज पेपर पर ले सकते है ।
- मार्कशीट या डिग्री प्रिंटिंग के लिए 140-150 GSM का मेट फिनिश पेपर उपयोग मे लाए।
- विश्वविद्यालय रिकॉर्ड मे उपलब्ध छात्र/ छात्रा की जानकारी के अनुसार ही डिग्री प्रिंटिंग हेतु हिन्दी मे नाम लिए गए है । अगर किसी स्टूडेंट के नाम मे मात्रा संबंधी कोई त्रुटि है, तो उपलब्ध फॉर्म मे "Degree Correction" को सिलैक्ट कर अपने नाम मे सुधार कर सकते है ।
- नाम संशोधन करने पर कक्षा 10वी या 12वी की मार्कशीट को अपलोड करना होगा जिससे की नाम संशोधन को वेरिफ़ाई किया जा सके।
- जिस रोल नंबर मे नाम संशोधन किया गया है उस रोल नंबर के डाटा को विश्वविद्यालय के संबन्धित अधिकारी से वेरिफिकेशन के पश्चात ही डिग्री प्रिंट की जा सकेगी।



STUDENT DETAILS CORRECTION

Academic Year * 2023

Exam Name * BSC - 3RD FINAL YEAR (NEP)

Enrollment No. * R220030300459

Verification Document * Choose file No fil...osen

Student Name (English) * AAKASH KUSHWAHA

Father Name (English) * SHRI RAM SINGH KUSHWAHA

Mother Name (English) * SMT MEERA DEVI

Husband Name (English)

Student Name (Hindi) * आकाश कुशवाहा

Father Name (Hindi) * श्री राम सिंह कुशवाहा

Mother Name (Hindi) * श्रीमती मीरा देवी

Husband Name (Hindi)

Submit Back

ध्यान रखे, अगर कहीं नाम मे त्रुटि है या अन्य कोई त्रूटि है तो स्टूडेंट इनफोरमेशन करेक्शन आवेदन जो कि बरकतउल्ला वि0 वि0 की आनलाईन सर्विस में उपलब्ध है, त्रूटि संशोधन के लिए निर्धारित प्रकिया को अपनायें।

सिर्फ हिन्दी नाम मे संशोधन की सुविधा आपको दी गई है। अगर किसी स्टूडेंट द्वारा नाम मे परिवर्तन किया जाता है तो उस रोल नंबर को डिग्री प्रिंटिंग के लिए **BLOCK** कर दिया जावेगा, उसके बाद बिना सक्षम स्वीकृति के इस रोल नंबर की डिग्री प्रिंट नहीं कर सकेंगे।

- डिजिटल डिग्री/मार्कशीट मे कुछ गोपनीय तथ्य रखे गए है जो किसी भी तरह की शंका होने पर देखे जा सकेंगे।
- डिग्री या मार्कशीट किस स्टेज की है यह भी रिकॉर्ड किया जा रहा है, जिससे की उस डिग्री या मार्कशीट की गोपनीयता को जांचा जा सकेगा।
- थर्ड पार्टी वेरिफिकेशन की स्थति मे विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त अधिकारी द्वारा अपने लॉगिन आई डी से डिजिटल डिग्री/ मार्कशीट का वेरिफिकेशन किया जा सकेगा।
- वर्ष 2023 मे उतीर्ण जिन स्टूडेंटस ने अपनी डिग्री प्राप्त कर ली है उन स्टूडेंट्स की डिजिटल डिग्री डिस्प्ले/प्रिंट नहीं होगी।
- परीक्षा परिणाम मे किसी भी कारण कोई संशोधन किया जाता है, उस दशा मे परीक्षा परिणाम के संशोधित होते ही उसका इंपेक्ट तुरंत ही डिजिटल डिग्री/ मार्कशीट मे ऑटोमेटिकली हो जावेगा ।

उपरोक्त अनुसार परीक्षा परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर डिजिटल डिग्री और मार्कशीट के लिए स्टूडेंट्स लॉगिन कर अपनी मार्कशीट/ डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। यह डाटा डी जी लॉकर के लिए भी तैयार रहेगा, जो विश्वविद्यालय आई.टी. विभाग द्वारा डी जी लॉकर पर अपलोड किया जाएगा।